वर्ष- 02 अंक- 283
छपरा
30 अगस्त शनिवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### चंद्रपुर जिले में तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर, 6 लोगों की मौत

**मुंबई,एजेंसी।** चंद्रपुर जिले के राजुरा तहसील के कपागांव के पास में शुक्रवार को सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक और एक ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज चंद्रपुर के जिला अस्पताल में हो रहा है।

पुलिस के अनुसार आज सुबह तेज रफ्तार ट्रक राजुरा से खमोना-पचगांव जा रहा था, जबकि रिक्शा विपरीत दिशा में गडचंदूर से राजुरा आ रहा था। अचानक कपागांव के पास तेजरफ्तार ट्रक और रिक्शा टकरा गए। इससे इस घटना में प्रकाश मेश्राम (48), रवींद्र बोबड़े (48), शंकर पिपरे (50), तनु पिंपलकर (16), ताराबाई पप्पुलवार (50 ) और वर्षा मंडाडे (50) की मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को इलाज के लिए चंद्रपुर के जिला सामान्य अस्पताल भेजा गया है।

### सियासी लॉबी वाले जजों के चेहरे से नकाब हटाना जरूरी

सुदर्शन रेड्डी को लेकर न्यायपालिका में मतभेद



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी.सुदर्शन रेड्डी के मुद्दे पर भारतीय न्यायपालिका दो धड़ों में बंटती दिखाई दे रही है। दरअसल सुदर्शन रेड्डी को लेकर अमित शाह ने जो बयान दिया था, उस पर कुछ रिटायर्ड जजों ने आपत्ति जताई थी। अब उन जजों के जवाब में 56 अन्य पूर्व जजों ने खुला पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि राजनीतिक बयानों से न्यायपालिका की गरिमा को नुकसान हो रहा है। 23वें लॉ कमीशन के सदस्य हितेश जैन ने भी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करने वाले पूर्व जजों के प्रति नाराजगी जाहिर की है और सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है। इस पोस्ट में हितेश जैन ने लिखा कि हाल ही में जस्टिस अभय ओका के कुछ इंटरव्यू पढ़े और मुझे बिल्कुल भी हैरानी नहीं हुई कि उन्होंने भी जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के समर्थन में लिखे पत्र पर हस्ताक्षर किए थे।

**राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार कर रहे रिटायर्ड जज**-हितेश जैन ने लिखा कि ऐसा ट्रेंड चल रहा है कि ज्यादा से ज्यादा रिटायर्ड जज खुलकर राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार कर रहे हैं और ये बात मुझे परेशान करती है। हितेश जैन ने कई पूर्व जजों के नाम लेकर दावा किया कि न्यायिक आजादी के सैद्धांतिक रुख के बजाय, ये जज पक्षपाती हो रहे हैं। जैन ने लिखा न्यायिक आजादी, प्रेस कॉन्फ्रेंस करने, इंटरव्यू देने या पक्षपाती पत्रों के जरिए सुरक्षित नहीं रहती, बल्कि इसके लिए जिला अदालतों और मजिस्ट्रेट अदालतों की हर दिन की कार्यवाही देखी जाती हैं, जहां लाखों लोगों के भाग्य का फैसला होता है।



# राहुल की यात्रा में पीएम को गाली बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े

## पटना में चले लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर; गाली देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पटना, दरभंगा,एजेंसी।** राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी को गाली देने के मामले में शुक्रवार को पटना में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए।

बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। वो राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। थोड़ी देर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पार्टी के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। कई गाड़ियों में भी तोडफ़ोड़ की गई है। बवाल के बाद पुलिस ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को वहां से खदेड़ा। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। 30 मिनट चले प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सभी कांग्रेसियों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया। इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री का बयान आया है। उन्होंने कहा- राहुल गांधी की यात्रा में पीएम मोदी की माताजी के लिए अपशब्द बोलकर कांग्रेस ने सबसे घृणित काम कांग्रेस ने किया है।


जिस प्रकार की राजनीति राहुल गांधी ने शुरू की है, वो हमारे सार्वजनिक जीवन को ऊंचाई नहीं देगी। ये आज से नहीं है, नरेंद्र मोदी जब से पीएम बने तब से सोनिया-राहुल गांधी, मणिशंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री को गालियां दी हैं। राहुल गांधी ने X पर लिखा- सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। नीतीश कुमार ने X लिखा- ये घटना अत्यंत अशोभनीय है। मैं इसकी निंदा करता हूं।

पीएम को गाली देने के मामले में दरभंगा पुलिस ने गुरुवार देर रात रिजवी उर्फ राजा नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भपुरा गांव का रहने वाला है। मो. रिजवी पिकअप ड्राइवर है।

इस मामले में बीजेपी ने पटना के गांधी मैदान थाने में FIR के लिए आवेदन दिया है। भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल और कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण सिंह ने राहुल गांधी के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। हालांकि केस दर्ज नहीं हुआ है।

### शाह बोले- पीएम को जितनी गाली दोगे उतना कमल खिलेगा

## कहा- राहुल में थोड़ी भी शर्म है तो मोदीजी और उनकी मां से माफी मांगें



**गुवाहाटी,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी और उनकी मां को गाली देने के मामले में असम में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को गुवाहाटी में कहा– बिहार में कांग्रेस ने पीएम मोदी की मां को अपशब्द कहे। इनके दूषित प्रयास को देखकर मुझे मालूम है, इन्हें जनता का समर्थन नहीं है। शाह ने कहा– मोदीजी की माताजी का जीवन गरीब घर में अपनी सभी संतानों को संस्कारी करके बड़ा करने में बीता। उनका बेटा पूरे विश्व में ख्याति पा रहा है। राहुल गांधी को थोड़ी भी शर्म है तो मोदी जी और उनकी दिवंगत मां के लिए कहे गए अपशब्दों पर माफी मांगें। अमित शाह असम के दो दिवसीय दौरे पर हैं, वे राजभवन के नवनिर्मित ब्रह्मपुत्र विंग समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

**शाह की स्पीच की 4 बड़ी बातें, कहा– जितनी गालियां दोगे, उतना कमल खिलेगा** : भारत की राजनीति में, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से घृणा और तिरस्कार की नकारात्मक राजनीति की शुरुआत की है। उसका निम्न स्तर का एक प्रदर्शन उनकी घुसपैठिया बचाओ यात्रा में देखने को मिला। यात्रा में राहुल गांधी के स्वागत के मंच से नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माताजी के लिए अपशब्द बोलकर सबसे क्रूरित काम किया है। मैं आज इस मंच से राहुलजी ने जिस प्रकार से घृणा की राजनीति शुरू की है। उसकी और पीएम मोदी की स्व. माताजी के लिए जो अपशब्द कहे गए, उसकी हृदय से निंदा करता हूं। मैं देश को कहना चाहता हूं कि वो हमारे सार्वजनिक जीवन को ऊंचाई नहीं देगी, गर्त में ले जाएगी।

### गोपालगंज में वोटर अधिकार यात्रा, राहुल को बांधी पगड़ी

## काफिले में हाथी-घोड़ा, ऊंट शामिल; तेजस्वी यादव के हाथ में लगी चोट

**बेतिया, गोपालगंज,एजेंसी।** बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का आज 13वां दिन है। राहुल बेतिया होते हुए गोपालगंज पहुंचें। यहां वे तेजस्वी यादव के साथ रोड शो कर रहे है। बेतिया में उन्होंने ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। चनपटिया से शुरू हुई यात्रा हरि वाटिका चौक पहुंची, जहां गांधी जी की प्रतिमा पर माला चढ़ाकर उन्हें नमन किया। यात्रा में समर्थकों से मिलने के दौरान तेजस्वी यादव के हाथ में चोट लगी है। गाड़ी के गेट में उनका हाथ दब गया, जिससे उन्हें हल्की चोट आई। 29 अगस्त को सुबह यात्रा शुरू हुई तो 100 घोड़ों का काफिला भी इसमें शामिल हुआ। साथ ही हाथी-ऊंट भी हैं। प्रदेश में जारी अलर्ट के बीच राहुल की यात्रा की सुरक्षा में 400 जवान तैनात हैं। राहुल गांधी को कांग्रेस नेता अभिषेक रंजन ने नीली पगड़ी बांधी। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को इस पूरी यात्रा का प्रभारी बनाया गया है। 1 सितंबर को पटना में यात्रा खत्म होगी।




## आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत का स्वर्णिम अध्याय है ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रपति मुर्मू का बयान



**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई का एक स्वर्णिम अध्याय है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस और रिपोर्टिंग प्रणाली के निर्माण में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की तारीफ की। आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**लाभ कमा रहे सार्वजनिक उद्यम :** स्कोप एमिनेंस अवार्ड्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की भूमिका पर बात की। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने राजस्व और लाभ सहित प्रमुख वित्तीय मानकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि तीन-चौथाई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभ कमा रहे हैं, और पिछले दशक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का शुद्ध लाभ काफी बढ़ा है।

### ऑपरेशन सिंदूर में आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम की रही अहम भूमिका

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सार्वजनिक उद्योगों ने सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में मानक स्थापित किए हैं। राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया अभियान की अहमियत पर कहा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। देश के रक्षा क्षेत्र का विशेष उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी शिविरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया और भारत पर हमले के प्रयासों को विफल कर दिया। स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने अचूक क्षमता का प्रदर्शन किया। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने इस प्रणाली के निर्माण में योगदान दिया है। यह उनके लिए बहुत गर्व की बात है।

**विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे सार्वजनिक उद्यम**–राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि नवाचार और भारत की बढ़ती तकनीकी विशेषज्ञता से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का बड़ा योगदान है।



## हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 लोगों की मौत

### मणिमहेश यात्रा पर निकले थे; उत्तराखंड के 3 जिलों में बादल फटा, कई लापता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, लोगों की मौतें पहाड़ से पत्थर गिरने और ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई है। भरमौर में करीब 3 हजार मणिमहेश श्रद्धालु फंसे हैं, जिनका रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पिछले सप्ताह लैंडस्लाइड में 7 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। 9 लापता हो गए थे।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से कई लोग लापता हैं। रुद्रप्रयाग के एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि प्रभावित इलाकों से 70 से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। एक महिला की मौत हुई है। 4 नेपाली और 4 स्थानीय सहित आठ मजदूर मलबे में दबे हैं। रुद्रप्रयाग में अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर है। रिहायशी इलाकों में भी पानी घुस गया है। बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया है, जिससे श्रीनगर-रुद्रप्रयाग के बीच आवाजाही रुक गई है। केदारनाथ घाटी के लावारा गांव में मोटर मार्ग पर बना एक पुल भी तेज बहाव में बह गया। चमोली में भी कई परिवारों के मलबे में फंस होने की आशंका हैं। अचानक आई बाढ़ के पानी में बड़े-बड़े पत्थरों से कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है।



### पंजाब में बाढ़ से अब तक 6 लोगों की मौत, 3 लापता

पंजाब के 7 जिले, पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फाजिल्का, कपूरथला का सुल्तानपुर लोधी और होशियारपुर पिछले तीन दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। यहां के 250 से ज्यादा गांवों में 5 से 15 फीट तक पानी भरा हुआ है। बाढ़ के कारण अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। 3 लोग लापता हैं। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, देहरादून और बागेश्वर में रेड अलर्ट मौसम विभाग ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, देहरादून और बागेश्वर जिलों में शुक्रवार दोपहर के बाद भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

### ओडिशा में 100 गांव लगातार 5वें दिन भी बाढ़ के पानी में डूबे

ओडिशा में बारिश रुकने से प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया है। इसके बावजूद, बालासोर, भद्रक और जाजपुर जिलों के लगभग 100 गांव शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी बाढ़ के पानी में डूबे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि गांवों में करीब 30,000 लोग बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं। बालासोर के बलियापाल और भोगराई ब्लॉक के 80 गांव करीब 4 फीट ऊंचे बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं, जबकि जाजपुर जिले के दशरथपुर ब्लॉक के 14 अन्य गांवों में भी ऐसी ही स्थिति है।

## मुजफ्फरपुर में एके-47 राइफल पहुंचाने वाला मंजूर खान पकड़ा गया

### नगालैंड से बिहार सप्लाई करता था घातक हथियार

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुजफ्फरपुर में एके-47 राइफल और गोला-बारूद जब्ती मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस केस में जांच एजेंसी, लंबे समय से उक्त आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रही थी। मंजूर खान उर्फ बाबू भाई, यही वो आरोपी है, जो नागालैंड से बिहार तक, घातक हथियारों की सप्लाई करता था। गोला बारूद भी उसी के द्वारा मुजफ्फरपुर तक पहुंचाया जाता था। एनआईए के मुताबिक, मंजूर खान उर्फ बाबू भाई, मुख्य आरोपी विकास कुमार का करीबी सहयोगी था। यह आरोपी उस दल का सक्रिय सदस्य था, जो नागालैंड से बिहार तक एके-47 राइफल सहित प्रतिबंधित बोर के




अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी करता था। एनआईए की जांच से पता चला है कि मंजूर ने अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर सार्वजनिक शांति और सुरक्षा को भंग करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के इरादे से प्रतिबंधित हथियारों की तस्करी की साजिश रची थी।अगस्त 2024 में मामले की जांच अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने जांच के दौरान मंजूर की इस साजिश में अहम भूमिका का खुलासा किया था। यह मामला मूल रूप से फकुली पुलिस द्वारा मुर्घटिया पुल पर लेंस और गोला-बारूद सहित एक एके-47 राइफल की बरामदगी के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था और उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। जांच अपने हाथ में लेने के बाद, एनआईए ने चारों आरोपियों - विकास कुमार, सत्यम कुमार, देवमणि राय और अहमद अंसारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी और यूए(पी) एक्ट की धारा 13 और 18 के तहत पहला पूरक आरोप पत्र भी दाखिल किया। फिलहाल इस मामले आरसी-11/2024/एनआईए/डीएलआई के तहत जांच अभी जारी है।

## मुख्य न्यायाधीश ने नए सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीशों को दिलाई शपथ; जजों की कुल संख्या 34 हुई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को शपथ दिलाई। दोनों न्यायाधीशों को 27 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था। उनकी पदोन्नति के साथ सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित 34 न्यायाधीशों की पूर्ण कार्य क्षमता फिर से पूरी हो गई। जस्टिस जॉयमाल्या बागची के 2 अक्तूबर, 2031 को सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति पंचोली अक्तूबर 2031 में मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में होंगे। उनके 3 अक्तूबर, 2031 को मुख्य न्यायाधीश का पदभार ग्रहण करने और 27 मई, 2033 को सेवानिवृत्त होने का अनुमान है।

**कॉलेजियम के एकमत न होने की थ्योरी क्या?** इससे पहले 25 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्र को न्यायमूर्ति अराधे और न्यायमूर्ति पंचोली के नामों की शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के



रूप में पदोन्नति के लिए सिफारिश की थी। हालांकि, कॉलेजियम सदस्य और सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने न्यायमूर्ति पंचोली को शीर्ष न्यायालय में पदोन्नत करने की सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश पर कड़ी असहमति दर्ज की और कहा कि उनकी नियुक्ति न्यायपालिका के लिए प्रतिकूल होगी। शीर्ष न्यायालय की एकमात्र महिला न्यायाधीश, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी असहमति दर्ज की थी। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपनी असहमति में कहा था कि उनकी नियुक्ति को आगे बढ़ाने से कॉलेजियम प्रणाली की बची-खुची विश्वसनीयता खत्म हो सकती है।

**जस्टिस आलोक अराधे**– 13 अप्रैल, 1964 को जन्मे न्यायमूर्ति अराधे 12 जुलाई, 1988 को अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया गया। उन्होंने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में दीवानी एवं संवैधानिक, मध्यस्थता और कंपनी मामलों में वकालत की। अप्रैल 2007 में उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति अराधे को 29 दिसंबर, 2009 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश और 15 फरवरी, 2011 को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया। उन्हें जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया और 20 सितंबर, 2016 को उन्होंने शपथ ली। उन्हें 11 मई, 2018 को जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति अराधे को कर्नाटक उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया, जहां उन्होंने 17 नवंबर, 2018 को न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्होंने 3 जुलाई, 2022 को कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला और 14 अक्तूबर, 2022 तक इस पद पर कार्यरत रहे।

## गहन पुनरीक्षण अभियान पर गंगा सिंह कॉलेज में परिचर्चा आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गंगा सिंह कॉलेज, छपरा में ÷गहन पुनरीक्षण अभियान में हमारी भूमिका ङ्क कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं÷ विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने छात्रों से सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछकर विषय प्रवेश कराया। उन्होंने विस्तार से बताया कि मतदाता बनना क्यों जरूरी है, मतदाता बनने की पात्रता क्या है, नाम जुड़वाने और सुधार कराने की प्रक्रिया क्या है, तथा बीएलओ से संपर्क करने और मोबाइल ऐप का उपयोग कैसे करना है। उन्होंने कहा कि एक अगस्त को प्रारूप निर्वाचक सूची प्रकाशित की जा चुकी है और आगामी एक सितंबर तक दावा-आपत्ति की अवधि निर्धारित है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए ज्ञान आधारित शिक्षा आवश्यक है और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का उपयोग समय बर्बाद करने की बजाय सार्थक दिशा में करना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रमेन्द्र रंजन ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की जानकारी और उनमें सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। रिसोर्स पर्सन नदीम अहमद ने इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के गठन और संचालन पर प्रकाश डालते हुए कॉलेज प्रशासन से इसके गठन और कैंपस एंबेसडर नियुक्त करने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ. कमाल अहमद ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अंजर आलम ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के दर्जनों प्राध्यापक और 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया में राष्ट्रीय खेल दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। सातवीं तथा आठवीं कक्षा की छात्राओं के बीच आयोजित प्रतियोगिता में सातवीं कक्षाओं की छात्राओं ने तीन सीटों के मैच में दो एक से आठवीं कक्षा को पराजित कर दिया। विजेता तथा उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ी छात्राओं को प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय व अन्य शिक्षकों ने सम्मानित किया।छात्रों के बीच उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवसके विषय मे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर मनाया जाता है।वे भारत के स्टार हॉकी खिलाड़ी थे। उन्होंने भारत को क ई ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल अपने दम पर जिताया था।मौके पर विजय कुमार साह,सुनील कुशवाहा,धीरज तिवारी,अविनाश तिवारी, बलराम यादव शाहनवाज हुसैन,सुधा देवी, वंदना कुमारी अमृता कुमारी सहित कई ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के डुमरी मे शुक्रवार की रात करीब आठ बजे आपसी विवाद मे दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट मे राकेश कुमार सिंह तथा इनकी माँ शांति देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना की सुचना पा कर मौके पर पहुंची मांझी थाना की पुलिस द्वारा घायलों को मांझी के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहाँ चिकित्स्कों द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मौके से मांझी थाना की पुलिस ने दूसरे पक्ष से धनन्जय कुमार को हिरासत मे लीं हैं। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की मारपीट की घटना हुई हैं जिसमे त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से एक व्यक्ति को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

## वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन से गिरकर समस्तीपुर का यात्री घायल, रेलवे पुलिस व चिकित्सकों की तत्परता से बची जान

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड पर एकमा रेलवे स्टेशन के पूर्वी गुमटी के समीप शुक्रवार की दोपहर में डाउन वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन से एक यात्री युवक गिरकर घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही एकमा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात जीआरपी व आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार किया। घायल की पहचान समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र निवासी राजेश्वर साह के पुत्र विवेक साह (28) के रूप में हुई। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई। देर शाम समस्तीपुर से घायल यात्री के परिजन चारपहिया वाहन से एकमा पहुंचे। मौके पर मौजूद जीआरपी के एसआई (टी) बलराम पासवान व आरपीएफ के जवान पद्मदेव चौहान ने चिकित्सा के बाद घायल युवक को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया।परिजनों ने त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने व समय पर सहयोग के लिए रेलवे पुलिस एवं एकमा सीएचसी के चिकित्सकों के प्रति आभार जताया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर जेपीयू में शिक्षकों व कर्मचारियों के बीच वॉलीबॉल मैच, कर्मचारियों की टीम रही विजेता

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। तीन सेट तक चले इस कड़े मुकाबले में कर्मचारियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और जज़्बे के साथ खेलते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैच की शुरुआत शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र सिंह और कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय के बीच टॉस से हुई। दोनों ने ही अपनी-अपनी टीम की कप्तानी संभाली। खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह आयोजन विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक प्रो. राजेश नायक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। खेल में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिक्षकों की टीम की ओर से डीएसडब्ल्यू प्रो. राणा विक्रम सिंह, कुलसचिव प्रो. नारायण दास, वोकेशनल कोर्स निदेशक प्रो. अजीत तिवारी, एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद्र, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार मिश्रा, प्रो. महेंद्र सिंह, प्रो. उदय अरविंद, प्रो. अजय कुमार, प्रो. रविंद्र कुमार सिंह, डॉ. पप्पू कुमार यादव, डॉ. अविनाश भारती और प्रो. मनोज कुमार जैसे वरिष्ठ शिक्षकों ने दमखम दिखाया।वहीं कर्मचारियों की टीम का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष राजेश पांडेय ने किया। उनके साथ सचिव विपिन कुमार, सुनील कुमार सिंह, मुकेश तिवारी, अंगद कुमार, विशाल कुमार सिंह, विवेक कुमार, राय रण विजय देव, मनीष कुमार, मानसून कुमार, रवि कुमार, विजय कुमार सहित अन्य कर्मियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

# खेल दिवस पर सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में खिलाडियों को किया गया सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों को सारण्य महोत्सव के अन्तर्राष्ट्रीय कार्यालय पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रशिक्षक वालीबॉल रमेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी फुटबॉल रूबी कुमारी, खुशी कुमारी, राजनन्दनी कुमारी, राष्ट्रीय खिलाड़ी वालीबॉल अमित कुमार सिंह, दर्शराज को पगड़ी अंगवस्त्र तथा प्रमाण पत्र देकर अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, अरूण कुमार सिंह, सुशील तिवारी, डॉ सम्पूर्णानन्द सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह ने सम्मानित किया। सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य हमारे देश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और खेल के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह दिवस हमें अपने खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उन्हें सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। सारण्य महोत्सव के महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय खेल दिवस को हमारे देश के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद्र की जयंती के रूप में मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद्र एक ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने अपने खेल कौशल और अनुशासन से पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया। खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, साथ ही साथ हमें अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व के गुण भी सिखाते हैं। खेल हमें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, डॉ सम्पूर्णा नन्द सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, विश्व विजय कुमार, सुशील तिवारी, रितेश कुमार, आलोक रंजन, उज्जवल निर्मल, दीपक कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, अमित सिंह आदि ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



## छपरा में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन, निकली भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति छपरा के तत्वावधान में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। कथा से पूर्व शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पवित्र गंगा जल से भरे कलश के साथ भाग लिया। यात्रा कठिया बाबा मंदिर, साहेबगंज सोनारपट्टी से प्रारंभ होकर शोभायात्रा के रूप में विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कथा स्थल नारायण पैलेस, दालदली बाजार पहुँची। कथा वाचिका आराधना देवी ने अपने भावपूर्ण प्रवचन और श्रीराम कथा से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। समिति ने जानकारी दी कि प्रतिदिन संध्या 3÷15 बजे से 6÷15 बजे तक कथा का आयोजन होगा। आगामी 7 सितंबर, रविवार को हवन एवं भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि इस कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता फैलाना है। सचिव रामाशंकर ने बताया कि कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा और व्यवस्था में समिति पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। भाजपा नेता धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने और आस्था को मजबूत करने का कार्य करते हैं। जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष छोटी कुमारी ने कहा कि छपरा की धरती धार्मिक आयोजनों की परंपरा को आगे बढ़ाती रही है और श्रीराम कथा से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। कलश यात्रा और कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार,सचिव रामाशंकर, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद पप्पू खेतान, भाजपा नेता धर्मेंद्र कुमार साह, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष छोटी कुमारी पूर्व मेयर राखी गुप्ता पप्पू चौहान, केदार कुमार, शंभू गुप्ता, अशोक गुप्ता, अरुण पुरोहित, अशोक कुमार, सुपन बिहार, राज नारायण शाह, राजेश गोल्ड, पवन जी, सोनू कुमार, विजय जी, सीताराम पांडे, अरुण जी, सिद्धेश्वर प्रसाद, प्रशांत जी, सत्य प्रकाश जी, अनिल कुमार, राजेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, कृष्ण कुमार, संपत बाबा सहित कई गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## योगियां हाई स्कूल के स्थानांतरित शिक्षकों को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई




**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र की असहनी पंचायत स्थित आरएन योगिया हाई स्कूल में स्थानांतरित शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षक से प्रधानाचार्य बने श्याम बाबू राम के साथ ही शिक्षक राकेश तिवारी, सुनैना यादव, विकास उपाध्याय, नेहा कुमारी व प्रिंस कुमार को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने की। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों की सेवा और योगदान से विद्यालय का मान और सम्मान बढ़ा है। स्थानांतरित शिक्षकों ने अपने संबोधन में कहा कि आरएन हाई स्कूल योगियां का उनके जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है, जिसे वे हमेशा याद करेंगे। समारोह का संचालन कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप, उमेश पांडेय, कर्पूरी ठाकुर, दीपक कुमार, विजय कुमार गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, बृजकिशोर पासवान, कामिनी सिंह, सुमन यादव, श्रेया, कुसुम, लूसी, दुर्गेशनंदिनी, राजकुमारी, राहुल गुप्ता, सिद्धि वर्णवाल, आसिफ इकबाल, सामर्थ्य कुमार, मो. इरशाद, हर्षवर्धन यादव, धर्मराज यादव, राहुल कुमार, राहुल यादव, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा आदेशपाल उदय शंकर व रात्रि प्रहरी शिवकुमार यादव भी मौजूद रहे।


## राष्ट्रीय खेल दिवस पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में भव्य कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राष्ट्रीय खेल दिवस शुक्रवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में उल्लास और अनुशासन के साथ मनाया गया। यह आयोजन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति को समर्पित था। समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी सह विद्यालय प्रबंधन समिति की नामित अध्यक्ष निधि राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विद्यार्थियों ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया। प्राचार्या रंजना झा ने अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया। दीप प्रज्वलन और ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद खेल भावना और राष्ट्रप्रेम का वातावरण बन गया।विद्यार्थियों ने भाषण, स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। खेलों और पढ़ाई दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन योगदान देने वाले शिक्षकों को भी विशेष सम्मान दिया गया।मुख्य अतिथि निधि राज ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही अनुशासन, साहस और टीम भावना का भी प्रतीक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल में संतुलन बनाकर उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान किया। समारोह का संचालन राहुल कान्त पांडेय, राहुल कुमार और सुश्री आयुषी बाजपाई ने किया। कार्यक्रम के अंत में हॉकी का रोमांचकारी प्रदर्शन हुआ, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया।

## पदोन्नति की राह देख रहे पंचायत शिक्षकों में हाईकोर्ट के निर्णय से छाई खुशी

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू ने पटना हाईकोर्ट द्वारा नियोजित शिक्षकों के पक्ष में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पंचायत एवं प्रखंड शिक्षक, जिन्होंने 12 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली है, उन्हें स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर पदोन्नति का लाभ दिया जाना चाहिए। संघ अध्यक्ष ने कहा कि बिहार पंचायती राज प्रारंभिक सेवा नियमावली 2012 एवं 2020 दोनों में ही 12 वर्ष की सेवा के बाद कालबद्ध प्रोन्नति का प्रावधान है। इसके बावजूद राज्य सरकार की लापरवाही से योग्यताधारी शिक्षक पदोन्नति से वंचित रह गए थे। कोर्ट ने यह भी माना कि समान कार्य करने वाले शिक्षकों को वेतन और सेवाशर्तों में भेदभाव करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है।प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संघ अध्यक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट के इस निर्णय से हजारों पंचायत एवं प्रखंड शिक्षक लाभान्वित होंगे, जो लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की कि विधानसभा चुनाव से पहले इस आदेश पर शीघ्र अमल कर पात्र शिक्षकों की सूची तैयार की जाए ताकि पंचायत स्तर के शिक्षक मानसिक रूप से सशक्त हो सकें और शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे।इस अवसर पर संघ के प्रदेश महासचिव तसौवर हुसैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, डॉ. राजेश यादव, सचिव सुनील तिवारी समेत संघीय नेता जगनंदन सिंह, उमेश प्रसाद यादव, संजय सिंह चुन्नू, संजीव श्रीवास्तव, अजय यादव, गौतम सिंह आदि पदाधिकारियों ने भी खुशी जताई और सरकार से आदेश के त्वरित क्रियान्वयन की मांग की।यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश ने दी।




## रसूलपुर में 07 को होगा एनडीए का ऐतिहासिक सम्मेलन

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एनडीए के घटक दलों के नेताओं ने गुरुवार को देर शाम एकमा विधान सभा क्षेत्र के रसूलपुर चट्टी जदयू कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित कर आगामी 07 सितंबर को रसूलपुर स्थित सीता वाटिका के सटे मैदान में होनेवाले कार्यकर्ता सम्मेलन की घोषणा की.प्रेस वार्ता में जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, जिलाध्यक्ष भाजपा पश्चिमी बृजमोहन सिंह, जिलाध्यक्ष हम उज्जवल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रालुमो डॉ अशोक कुशवाहा, जदयू के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, जदयू विधान सभा प्रभारी रवि ज्योति उर्फ विलु जी, जिला महामंत्री भाजपा उमेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा चैतेन्द्रनाथ सिंह,जिला कोषाध्यक्ष भाजपा संजीव कुमार मिश्रा,नेता लोजपा (रा) रौशन सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह,मुरली सोनी आदि मौजूद थे ।

## पूर्व मुखिया का निधन

**दैनिक खोज खबर /मांझी (सारण)।** । सारण जिला राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष व सोनबरसा पंचायत के पूर्व मुखिया एवम नन्दपुर गांव निवासी दलन प्रसाद यादव का शुक्रवार की सुबह हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया। पूर्व मुखिया के निधन की खबर पाकर उनके दरवाजे पर शुभचिंतकों की भारी भीड़ जमा हो गई। दरवाजे पर मौजूद लोग उनके मृदुभाषी ब्यवहार तथा उत्कृष्ट समाजसेवा की चर्चा कर रहे थे। पूर्व मुखिया के निधन के बाद परिजनों के रुदन क्रंदन से वहां का माहौल गमगीन हो गया। स्व यादव के पुत्र व पैक्स अध्यक्ष राजू यादव तथा उनकी पत्नी सीमा राय तथा भाई चंदन यादव सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था। परिजनों ने बताया की वर्ष 1969 में वे पहली बार मुखिया चुने गए तथा 37 वर्ष बाद 2006 में हुए चुनाव में वे पराजित हो गए। हालांकि पुनः 2011 में उनके पुत्र तथा फिर पुत्रवधु मुखिया का चुनाव जीतने में सफल रहीं। लगभग 51 वर्षों तक मुखिया के पद पर काबिज रहे मृदुभाषी स्वभाव के धनी व पूर्व मुखिया दलन प्रसाद यादव 76 वर्ष की उम्र में परलोक सिधार गए। दरवाजे पर मौजूद लोग उनके शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे हुए थे। उधर शुक्रवार को दोपहर में निकली उनकी शवयात्रा में विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव,पूर्व विधायक रणधीर सिंह,सारण निकाय के पूर्व प्रत्याशी व राजद नेता सुधांशू रंजन,हरेलाल यादव,जन सुराज के जिलाध्यक्ष बच्चा राय,ई सौरभ सन्नी,राजू रुद्र यादव,मिन्टू यादव,मुखिया मुन्ना साह,पूर्व मुखिया विजय सिंह समेत दर्जनों पँचायत प्रतिनिधि एवम सैकड़ों ग्रामीण आदि शामिल हुए। मुखाग्नि राजू यादव ने दी।

## सदर प्रखंड 20 सूत्री की बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सदर प्रखंड 20 सूत्री की बैठक प्रखण्ड सभागार में अध्यक्ष संजीव सिंह रिंकू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।बैठक कि शुरुआत में प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी बिनोद आनन्द ने 20 सूत्री अध्यक्ष रिंकू सिंह, उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि ई सतेंद्र सिंह, अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान सहित सभी सदस्यों को स्वागत एवं अभिनन्दन किया।छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि 20 सूत्री का गठन सरकार ने की है, सरकार की योजनाओं का निगरानी कर जनता को लाभ पहुंचाना इसका मकसद होना चाहिए।सांसद प्रतिनिधि ई. सतेंद्र सिंह ने प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए 20 सूत्री के सदस्य के सवाल पर अधिकारियों से जबाब लिया गया । सतेंद्र सिंह ने कहा कि पदाधिकारी जनता के कार्य को पूरा करे। बैठक में आवास योजना, मनरेगा,स्वास्थ, स्वक्षता अभियान, पर चर्चा हुई।

## किशोर लापता, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के गंगौली गांव में वृद्ध दादी का 13 वर्षीय पोता रहस्यमय तरीके से गायब हो जानें का मामला सामने आया। मामले में गंगौली गांव निवासी जानकी देवी पति स्व पासपत राय ने बताया कि उनका एक 13 वर्षीय पोता आदित्य कुमार जिसके मां पिता की मौत हो चुकी है वह उनके साथ ही रहता है बीते दिन पहले वह कहीं चला गया, काफी खोजबीन की तब भी पता नहीं चल पाया इसी बीच एक फोन नम्बर से फोन कर वह बोला कि मुझे कोई अनजान व्यक्ति जिसको वह नहीं जानता है जबरन दिल्ली लाकर रखा है वह जहां हैं उसका पता उसे नहीं है। वह आकर ले जानें को बोल रहा है। वृद्ध महिला ने थाना पुलिस को आवेदन देकर खोजने की गुहार लगाई है।

## बनियापुर में प्रखंड उर्वरक संघ की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर(सारण)।** प्रखंड उर्वरक संघ की एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कई बिंदुओं पर संघ के सदस्यों ने चर्चा की। संघ के सदस्यों ने सारण खुदरा फर्टिलाइजर एण्ड फार्मर बेलफेयर फाउण्डेशन बिहार को पूर्णरूप से समर्थन देने की घोषणा बैठक में क़ी। सदस्यों ने कहा कि वे समर्थित संघ के सभी नियमों को मानेंगे। साथ ही निर्धारित दर पर उर्वरक की विक्री करने, कोई भी दुकानदार किसी भी उर्वरक टैग के साथ उठाव नहीं करेगें, उर्वरक का उठाव टैग के बिना करने पर भी सरकार द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक का विक्रय करने का प्रस्ताव लाया गया। उर्वरक विक्रेताओं ने अधिकारी द्वारा एक उर्वरक विक्रेता के साथ किये गए अभद्र भाषा का विरोध किया। विक्रेताओं ने कहा कि अभद्र भाषा का प्रयोग मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने जैसा गंभीर कृत्य है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। बैठक में अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, विशाल सिंह,ललीन कुमार, अनिल कुमार, शुभनाथ यादव, अरुण कुमार, बीरेंद्र सिंह, मनीष प्रभाकर मिश्रा, विजय प्रसाद सहित काफी संख्या में उर्वरक विक्रेता मौजूद थे।

# सांसद खेल महोत्सव का हुआ आगाज, पहले दिन आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को सांसद ने किया पुरस्कृत

**दैनिक खोज खबर/ जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के जलालपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। पहले दिन दौड़ और साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने खुद प्रतिभागियों के साथ साइकिल चलाकर और झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।जलालपुर हाई स्कूल में हुई पुरुषो की 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में अरवां नगरा के रितेश कुमार ने प्रथम,जूरन छपरा के सुहैल अली ने दूसरा रामपुर के रजनीश कुमार ने तीसरा स्थान पाया वहीं महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में मिश्रवलिया की सानिया प्रवीण प्रथम,माधोपुर की रेशमा खातून द्वितीय तथा मंगोलापुर की पिंकी तिवारी ने तृतीय स्थान




प्राप्त किया।400 मीटर की स्कूली बच्चों के दौड़ में शंकर दयाल सिंह बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पायल कुमारी प्रथम,रिया कुमारी द्वितीय तथा प्रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही।सभी को सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया मौके पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ महाराज लोकसभा क्षेत्र के जलालपुर में आज किया गया।आज युवाओं के लिए विशेष रूप से दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।क्षेत्र के होनहार युवाओं ने पूरे उत्सव और उमंग के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें अनुशासन व टीम भावना का संचार करना और उनके हौसलों को बढ़ाना है। उन्होने युवाओं से कहा कि खेल न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह आपसी सौहार्द को बढ़ाता है तथा फिजिकली फिट भी रखता है।आज के दौड़ में इसमें करियर की आपार संभावनाएं बन रही हैं। यह प्रतियोगिता बिहार पुलिस के एथलेटिक्स कोच, एन आई एस कोच व बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी,भाजपा जिला अध्यक्ष पश्चिमी बृजमोहन सिंह,राज्य परिषद सदस्य हेमनारायण सिंह, जिला मंत्री उमेश तिवारी, अमरजीत सिंह, जिलाउपाध्यक्ष गुड्डू चौधरी,जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, जलालपुर मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय, प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, निलेश सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह, जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ो गणमान्य व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## मशरक के विद्यालयों में मना राष्ट्रीय खेल दिवस



**दैनिक केखोज खबर/छपरा/मशरक।** राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक सहित कई विद्यालयों में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में प्राचार्य मुकेश कुमार ने विद्यालय शारीरिक शिक्षा शिक्षक सह सचिव सारण जिला हैंडबॉल संजय कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षकों के साथ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर खेल दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की । मौके पर एक दर्जन से अधिक राष्ट्रीय खिलाड़ी , छात्र छात्राओं ने शिरकत की। विभागीय निर्देश के आलोक में पहले दिन बालक बालिकाओं के लिए कबड्डी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ। संचालन डॉ मनोज कुमार सिंह एवं प्रतियोगिता निर्णायक प्रभातचंद्र भूषण , विजय कृष्ण त्रिपाठी , राजेंद्र कुमार , प्रियंका भास्कर , महेश पोद्दार सहित अन्य ने किया। इसके अलावे अवध उच्च विद्यालय चैनपुर में प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में खेल दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर रोटरी क्लब छपरा द्वारा सम्मानित हुए खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर रोटरी भवन सभागार में रोटरी क्लब द्वारा सारण से विभिन्न खेलो में राष्ट्रीय स्तर पर पदक पाने वाले खिलाड़ी एवं उनके प्रशिक्षक को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। मौके पर इस वर्ष सीनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार टीम से खेलते हुए पदक पाने वाले आधा दर्जन खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वाले हैंडबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ियों में अभिषेक कुमार सिंह , निधि कुमारी , तृप्ति कुमारी , मुस्कान कुमारी , पुष्पा कुमारी , पम्मी कुमारी एवं प्रशिक्षक सह सारण जिला हैंडबॉल सचिव संजय कुमार सिंह , योगा में विवेक कुमार , रोशनी कुमारी, लक्ष्मी , रूबी , कुसुम, कबड्डी हिमांशु , शुभम, जिला कबड्डी संघ सचिव पंकज कश्यप, एथलेटिक में जागृति सिंह ,प्रिंस कुमार , देवांशु शेखर , राष्ट्रीय खिलाड़ी सह कोच शक्ति सिंह , फुटबॉल में सुमित , रूबी, कोच बीरेंद्र प्रसाद सिंह , क्रिकेट में प्रशांत, प्रिंस, अनूप , वूशु में राजा , आशुतोष, कोच वरुण कुमार एवम विनय पंडित के अलावे योगा , शतरंज सहित अन्य खेल के चार दर्जन से अधिक खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक सम्मानित हुए। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी, रोटरी अध्यक्ष नवनीत कुमार , रोटरी सचिव राजीव रंजन , सारण जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह सेंगर , सारण कबड्डी संघ के सचिव पंकज कश्यप , सारण हैंडबॉल संघ सचिव संजय कुमार सिंह , जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष मनोज वर्मा संकल्प , रोटेरियन शहजाद आलम , रोटेरियन किशोर सहित अन्य थे। समारोह का संचालन रोटेरियन डॉ सुरेश प्रसाद सिंह ने किया।

## नेवारी सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य उप केंद्र का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के भागवतपुर पंचायत के नेवारी स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन रेफरल अस्पताल तरैया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आलोक बिहारी शरण एवं तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष सह भागवतपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया मुकेश कुमार यादव, सरपंच विगन राय, डॉ. रामप्रवेश राय, रामेश्वर सिंह, नवल किशोर यादव, राजेन्द्र सहनी, हरेंद्र यादव, उमा सहनी, अवधेश सिंह, उपेंद्र कुशवाहा, राजकुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उप स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर उपचार की सुविधा मिलेगी।

## 425 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**स्थानीय पुलिस ने एक स्कार्पियो पर लदे 425 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक थंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया।पकड़ा गया धंधेबाज वीरेन्द्र कुमार दरियापुर थाने के महमदपुर गांव का बताया जाता है। भेल्दी थानाध्यक्ष हरेराम कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक स्कार्पियो पर अंग्रेजी शराब को लादकर धंधेबाज कहीं ले जा रहे हैं।सूचना मिलते ही पुलिस ने पीछे करते हुए भेल्दी चौमस चारमुहानी के समीप से स्कॉर्पियो पर लदे अंग्रेजी शराब समेत धंधेबाज को धर दबोचा।बरामद अंग्रेजी शराब ऑफिसर च्वाइश ब्रांड के है।इस मामले में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।पुलिस ने पुछ-ताछ के बाद मंडल कारा छपरा भेज दिया।दूसरे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## छठ व्रती महिला की अपने घर के छत से गिरने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** भादो मास के छठ पर्व के पहले अर्ध्य के दिन अगहरा शेरपुर में एक दुःखद घटना घट गई। एक छठ व्रती महिला अपने घर के छत से गिर कर बुरी तरह से जख्मी हो गई जिनकी थोड़ी देर उपरांत मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। मृतका शेरपुर निवासी हरेन्द्र पंडित की 50 वर्षीय पत्नी उमरावती देवी बताई गई है। मिली सिउचना के अनुसार व्रती अमरावती देवी किसी काम से घर के छत पर गई थी। इसी दौरान छत के किनारे पर अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गई। उमरावती देवी को दो बेटी और तीन बेटे है। भरे पुरे परिवार में सभी बेटियों को शादी कर चूकी थी और एक मात्र छोटा बेटा कुंवारा था। महिला के पुत्र काम,धंधे को लेकर दुसरे प्रदेश में रहते है। घटना की सुचना के बाद सभी घर आने के लिए चल दिए है। इधर हादसे की जानकारी पर जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू मौके पर पहुंचे। अल्ताफ आलम राजू ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार ढ़ाढ़स बंधाया। अंतिम संस्कार के लिए पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की और आगे भी सहयोग के लिए तैयार रहने के लिए आश्वस्त किया।

## मांझी में ट्रेन का ठहराव हैं, लेकिन टिकट काउंटर नहीं

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा बलिया रेलखंड पर स्थित बना नया मांझी रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस सहित चार जोड़ी ट्रेनों का ठहराव होता है. लेकिन टिकट नहीं मिलता है. यह स्टेशन छपरा–बलिया रेलखंड पर स्थित मांझी रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाता हैं। जिसका उद्घाटन जनवरी 2023 में हुआ था. जहां आज भी टिकट काउंटर तो है लेकिन टिकट नहीं मिलता है. यहां से प्रतिदिन आसपास के गांव के सैकड़ो से अधिक यात्री यात्रा करते हैं. इस स्टेशन पर ट्रेनें भी नियमित रूप से रुकती हैं. लेकिन यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाता है, जिससे परेशान यात्रियों को मजबूरन दूसरे स्टेशनों से टिकट लेना पड़ता है, या फिर बिना टिकट यात्रा कर जोखिम उठाना पड़ता है, जिसकी वजह से ट्रेन में टीटी या पुलिस के माध्यम से परेशान किया जाता है. टिकट नहीं रहने के वजह से यात्रियों को जेल भी जाना पड़ रहा है.स्थानीय अरबाज अंसारी ने बताया कि 2023 में ही यहां पर स्टेशन बन गया, और उसी समय उद्घाटन भी हो चुका है. लेकिन यहां पर टिकट नहीं मिल रहा है. जिसके वजह से लोग बिना टिकट के ही ट्रेन में चढ़ जाते हैं, और आगे स्टेशन पर टिकट लेते हैं. अगर इस बीच में चेकिंग होता है तो टीटी के द्वारा फाइन किया जाता है. या जेल भेज दिया जाता है. जिसके वजह से हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. बताया कि हम लोग विद्यार्थी हैं, और प्रतिदिन छपरा पटना पढ़ने के लिए आवागमन करना पड़ता है. जिसके वजह से काफी समस्या हो रहा है. यहां से प्रतिदिन 100 से अधिक यात्री यात्रा करते हैं. यह भी बताया कि टिकट उपलब्ध कराने को लेकर डीआरएम साहब को भी लिखित आवेदन हम लोगों ने दिया है. लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुआ है.

## मढ़ौरा एसडीओ ने सरकारी राशन दुकानों किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कर्ण कुदरिया, जजौली और डुमरसन पंचायत के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का विभागीय आदेश पर मढ़ौरा एसडीओ निधि राज के द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाक पंजी, वितरण पंजी समेत अन्य रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दुकानों में चावल की रद्दी क्वालिटी पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने गोदाम मैनेजर को फोन कर इस पर चेतावनी दी। उन्होंने सभी दुकानदारों को हिदायत दी कि यदि गोदाम से रद्दी चावल या गेहूं की आपूर्ति होती है तो उसे दुकान पर न रिसीव करे वहीं उन्हें जरूर सूचना दे। अन्य पंचायतों में भी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार के द्वारा भी निरीक्षण किया गया।





# वोटर अधिकार यात्रा : बिहार में बदलाव की बयार चलने लगी है- तेजस्वी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** वोटर अधिकार यात्रा के तहत लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सह सांसद राहुल गांधी, विरोधी दल के नेता सह पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शुक्रवार की शाम सिवान पहुंचे। जैसे ही उनका काफिला गोपालगंज-सिवान के सीमावर्ती क्षेत्र छाप पहुंचा। इस दौरान काफी संख्या में महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं ने सभी का पूरी सरगर्मी व जोरशोर के साथ स्वागत किया। क्या बच्चे, बूढ़े, जवान व महिलाएं राहुल गांधी की एक झलक पाने को बेताब दिखे। इस यात्रा में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी समेत कई दिग्गज नेता भी शामिल रहे। गोपालगंज मोड़ पर पहुंचकर सभी ने कामरेड चंद्रशेखर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद काफिला शहर के पटेल चौक होते हुए जेपी चौक पहुंचा। इस दौरान शहर में जगह-जगह सड़क के दोनों ओर खड़े हजारों लोगों ने भी उनका स्वागत किया। शहर के बबुनिया मोड़ पर




आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम वोटर अधिकार यात्रा पर हैं, लेकिन यह सिर्फ वोट के अधिकार की बात नहीं है, बल्कि इससे गरीब और कमजोर तबकों के सारे अधिकार जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले पहले आपका वोट लेने की कोशिश करेंगे, उसके बाद राशन कार्ड भी जाएगा और फिर जमीन भी जाएगा। ऐसे में आप सभी जहां आजादी से पहले से थे वहां फिर वहीं लौट जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि दलितों, पिछड़ों और ईबीसी समुदाय के लोगों के सभी अधिकार संविधान के कारण ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि यह किताब मामूली नहीं है, बल्कि हमारे लिए पवित्र ग्रंथ है। संविधान ने ही उन्हें बराबरी और सम्मान दिलाया है, लेकिन भाजपा यहीं अधिकार छीनने पर तुली हुई है। विरोधी दल के नेता सह पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है और यहीं बदलाव की बयार चलने लगी है। यह यात्रा ऐतिहासिक है और बिहार की जनता भाजपा के फर्जीवाड़े को भलीभांति समझ चुकी है।

## एसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों के पीटी परेड व नवनिर्मित बैरक का किया निरीक्षण

**सिवान।** पुलिस केंद्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों के पीटी परेड, मेस व बन रहे नवनिर्मित बैरक का शुक्रवार को एसपी मनोज कुमार तिवारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली और पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, अनुशासन, वर्दी की स्वच्छता और शारीरिक फिटनेस का गहन अवलोकन किया। एसपी ने प्रशिक्षणरत पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, समय की पाबंदी और शारीरिक दक्षता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक सक्षम पुलिसकर्मी के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक सतर्कता भी आवश्यक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शालीन व्यवहार, लगन, और दक्षता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने की सलाह दी, ताकि वे समाज में सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक बन सकें। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण के दौरान नियमित व्यायाम, हथियार संचालन और कानून की जानकारी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों को भी प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

## गिट्टी लदी ट्रक के गुप्त चैंबर से 79 कार्टन शराब बरामद, दो गिरफ्तार

सिवान। उत्पाद विभाग की टीम ने गुठनी चेक पोस्ट पर गुप्त सूचना के आधार पर जांच कर गिट्टी लदे ट्रक के चैंबर से 79 कार्टन शराब बरामद की। वहीं दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गुठनी थाना क्षेत्र के गुठनी चेक पोस्ट होते हुए एक ट्रक से शराब आ रही है। सूचना पर उत्पाद थाना अवर निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने जांच शुरू की। गुठनी चेक पोस्ट के पास एक ट्रक आती दिखी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। जांच के दौरान ट्रक से गिट्टी लदी हुई है। गिट्टी के अंदर एक गुप्त चैंबर बना हुआ था। जांच में 79 कार्टन शराब बरामद हुई। वहीं दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मोतिहारी जिला के पिपरा थाना क्षेत्र के टिकुलीया निवासी विरेंद्र सहनी व मुजफ्फरपुरा जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र के माहादईया तालुका निवासी अभय कुमार है। इसके बाद ट्रक को जब्त कर लिया गया। बताया कि दोनों तस्कर से पूछताछ कर उसे जेल भेज दिया गया। बताया कि वहीं दूसरी छापेमारी मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ओबर ब्रिज के समीप की है। जहां गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक बाइक से 108 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। जबकि तस्कर फरार हो गया।

## दो ट्रेनों का मैरवा व एक ट्रेन का दारौंदा स्टेशन पर होगा ठहराव

सिवान। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 15203/15204 बरौनी-लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 15909/15910 डिब्रूगढ़-लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का दो मिनट का स्थाई ठहराव मैरवा स्टेशन पर एवं गाड़ी संख्या 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का दारौंदा स्टेशन पर दो मिनट का स्थाई ठहराव प्रदान किया गया है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 15203 बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस चार सितंबर से प्रतिदिन मैरवा स्टेशन पर 02:38 बजे पहुंचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 02:40 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्री में गाड़ी संख्या 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस प्रतिदिन मैरवा स्टेशन पर दिनांक पांच सितंबर से 00:26 बजे पहुंचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 00:28 बजे प्रस्थान करेगी। बताया कि गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस प्रतिदिन मैरवा स्टेशन पर दिनांक पांच सितंबर से 21:08 बजे पहुंचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 21:10 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में गाड़ी संख्या 15910 लालगढ़- डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस मैरवा स्टेशन पर दिनांक पांच सितंबर से 02:05 बजे पहुंचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 02:07 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस चार सितंबर से प्रतिदिन दारौंदा स्टेशन पर 05:53 बजे पहुंचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 05:55 बजे प्रस्थान करेगी।

